**निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
फोन -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा एनसीसी कैडेटों के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान का आयोजन

फोटो कैप्शन: (बाएं से) एनसीसी निदेशालय, पुणे के कार्यवाहक कमांडर कर्नल के आर शेखर का अभिवादन श्री ए बी विजयकुमार, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र। (दाएं) वित्तीय साक्षरता अभियान में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट"।

**पुणे, 3 नवंबर, 2022**: बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 2 नवंबर, 2022 को ग्रुप हेड क्वार्टर (मुख्यालय) पुणे में प्री–आरडी परेड कैंप के 370 एनसीसी कैडेटों के लिए परिचयात्मक सत्र के साथ महाराष्ट्र राज्य के एनसीसी कैडेटों के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान का आयोजन किया। श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 'वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान' के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की और वित्तीय साक्षरता के महत्व का उल्लेख किया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक श्री ए. बी. विजयकुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, "एनसीसी द्वारा युवा कैडेटों को उनके चरित्र निर्माण सहित दृढ़ नेतृत्व गुणों के साथ नि:स्वार्थ सेवा प्रदान करने के लिए तैयार किया जाता है। विकासोन्मुख राष्ट्र में अग्रणी रहने के लिए शुरूआत से ही वित्तीय साक्षरता का होना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे पीएमजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एनपीएस, एसएसवाई, डिजिटल बैंकिंग और उसके उपयोग के अतिरिक्त कैडेटों को वित्तीय साक्षरता हेतु बैंकिंग कौशल के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने विशेष रूप से छोटी बचत योजनाओं के लाभों के बारे में बताया जो उन्हें प्रबुद्ध करेंगे और उन्हें कम उम्र से शुरू होने वाली विवेकपूर्ण बैंकिंग में मदद करेंगे और दूसरों को शिक्षित करेंगे।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
फोन -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12

वित्तीय प्रबंधन में सभी कैडेटों को शिक्षित करने के लिए 'वित्तीय साक्षरता मिशन नीति' के भाग के रूप में बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा यह पहल की गई है। वित्तीय साक्षरता अभियान का उद्देश्य जीवन के लक्ष्यों के निर्धारण के माध्यम से योजनाबद्ध खर्चों और आकस्मिक खर्चों की पूर्ति तथा वित्तीय आयोजना के महत्व के साथ छात्रों को विभिन्न बचत तथा शिक्षा ऋण योजनाओं के प्रति जागरूक करना है और साथ ही डिजिटल बैंकिंग का प्रयोग करते हुए विभिन्न सरकारी वित्तीय अर्थसहाय योजनाओं के अंतर्गत लाभ उठाने के प्रति भी जागरूक करना है।

एनसीसी निदेशालय के स्थानापन्न कमांडर कर्नल के. आर. शेखर और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल प्रमोद दहितुले सहित एनसीसी निदेशालय के अधिकारी, प्रशिक्षक और बैंक के अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। बैंक के कर्मचारियों द्वारा बैंक की विभिन्न योजनाओं और उत्पादों की जानकारी प्रदान की गई जो छात्रों के लिए उपयोगी होंगे।